घटना | मझौली गांव की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया

# घर से सटे कुएं में मिली नवविवाहिता की लाश



**चिल्हारी नवभारत 23 जून।** इंदवार थाना क्षेत्र के ग्राम पनपथा अंतर्गत मझौली गांव में मंगलवार शाम दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। दरअसल 25 वर्षीय नव विवाहिता उड़नकली का शव घर से सटे कुएं में मिला है। जैसे ही घटना की जानकारी लोगों तक पहुंची, मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और परिवार में चीख-पुकार मच गई।

बताया जाता है कि मंगलवार शाम करीब 5 बजे घर के पास स्थित कुएं में महिला का शव दिखाई दिया, जिसके बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी इस घटना को लेकर फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला किन परिस्थितियों में कुएं तक पहुंची और यह हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य वजह।

### 7 माह की बेटी के सिर से उठा मां का साया

इस हृदय विदारक घटना ने लोगों को झकझोर दिया, क्योंकि मृतका अपने पीछे महज 6 से 7 माह की अपनी मासूम बेटी छोड़ गई है। वह नन्हीं बच्ची अभी इस बात से अनजान है कि उसकी जिंदगी से मां का साया हमेशा के लिए उठ चुका है। गांव में हर किसी की जुबान पर उसी मासूम का जिक्र है, जिसके हिस्से में इतनी छोटी उम्र में यह असहनीय दर्द आ गया।

### पूरे गांव में शोक का माहौल


बताया जाता है कि मृतका का मायका सिंगरौली जिले में बताया जा रहा है। घटना की सूचना मायके पक्ष को भी दे दी गई है और परिजनों के पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। उधर, पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में इस घटना से शोक छाया हुआ है।

## सांदीपनी विद्यालय मऊ में हुआ योग दिवस पर कार्यक्रम

**ब्यौहारी ।** ब्यौहारी विकासखंड के अंतर्गत मऊ मेंशासन के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ्य आयु के लिए योग। पर आधारित योग अभ्यास पल प्रतिपल कार्यक्रम शास सांदीपनि उच्च माध्य विद्या मऊ में सीधा प्रसारण के माध्यम से प्रांतीय एडवांस योग प्रशिक्षित शिक्षक विजय कुमार निगम द्वारा प्रात: 6 बजे से कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रेमलाल मिश्र ने योग के महत्व एवं वर्तमान में योग की आवश्यकता को बताया। कार्यक्रम में खामडॉड ग्राम पंचायत की सरपंच राजकुमारी खैरवार, पूर्व सरपंच मऊ एवं अधिवक्ता द्वारिका राठौर, प्रेमदास चतुर्वेदी अधिवक्ता, अभिभावक गण, शिक्षक समुदाय में लवकेश रौतेल, जितेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सरपंच और सचिव पर लगाया मनमानी का आरोप

▶ पंच व उप सरपंच ने कलेक्टर से की शिकायत



**चिल्हारी नवभारत 23 जून।** उमरिया जिले के ग्राम पंचायत अमरपुर के पंच एवं उप सरपंच ने ग्राम के सरपंच एवं उप सचिव पर आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया कि सरपंच सचिव की मनमानी के चलते ग्राम का विकास नहीं हो रहा है तथा ग्राम में आम सभा की जानकारी सभी को नहीं दी जाती। इतना ही नहीं बिना काम कराए शासन की राशि आहरित कर बन्दरबाट की जा रही है। बिना अनुमति हाट बाजार तोड़ कर पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो अवैध है। इस तरह के कई गम्भीर आरोप लगाए गए हैं।





# विधायक ने नवप्रवेशित बच्चों को बांटी साईकिल एवं किताबें

▶ स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण में पहुंचे ओमप्रकाश धुर्वे

**शहपुरा नवभारत 23 जून।** स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शहपुरा क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में हायर सेकेंडरी स्कूल मानिकपुर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को साइकिल एवं पुस्तकें वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने अपने अध्ययनकाल के संघर्षपूर्ण अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए और वर्तमान में मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया।

**साईकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे-** साईकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। विधायक ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर विद्यालय के सुव्यवस्थित संचालन के लिए शिक्षकों एवं स्टाफ को प्रोत्साहित किया। विधायक धुर्वे ने कहा कि शासन-प्रशासन प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण एवं नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं सदस्य टेकेश्वर साहू, हीरेंद्र मरावी, राजेन्द्र तिवारी, संतोषी, उत्तम, बद्री, जिला परियोजना समन्वयक दिवाकर तिवारी, बीआरसी गुरुप्रसाद साहू, प्राचार्य माधव झारिया, परसादी मरावी, गंगाराम झारिया, हरि परस्ते, पुष्पेंकुमार मार्को सहित गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी एवं पालक उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर मांगी रिपोर्ट

▶ आधी रात अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर पहुंचीं एसडीएम



**चिल्हारी नवभारत 23 जून।** प्रशासनिक व्यवस्थाओं की हकीकत परखने के लिए एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी ने सोमवार देर रात लगभग 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर का औचक निरीक्षण किया। आधी रात हुए इस निरीक्षण से अस्पताल स्टाफ में हलचल मच गई।


निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। राहत की बात यह रही कि नाइट ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स अपनी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यक उपचार एवं दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही थीं।

### सफाई कर्मचारियों की पूरी जानकारी मांगी

हालांकि निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में कुछ कमियां सामने आई। एसडीएम ने पाया कि सफाई कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं हो रहा है तथा कई सफाई कर्मियों की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सफाई कर्मचारियों की पूरी जानकारी एवं उपस्थिति विवरण लिखित रूप में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

एसडीएम हरनीत कौर कलसी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक बेहतर ढंग से पहुंचनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अस्पताल की अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो कर्मचारी नियमित रूप से वेतन प्राप्त करने के बावजूद अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध आवश्यक एवं ठोस कार्रवाई की जाएगी।



# हवन-पूजन एवं भंडारे का किया गया आयोजन

**चिल्हारी नवभारत 23 जून।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के उमेश एवं बृजेश गुप्ता, जो कि भाजपा अमरपुर मंडल व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक है, सपरिवार पावन तीर्थ नैमिषारण्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे थे।

कथा श्रवण एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता के उपरांत वे अपने गृह ग्राम चिल्हारी लौटे, जहां श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हवन-पूजन, ब्राह्मण भोज तथा विशाल -भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में धार्मिक वातावरण बना रहा तथा सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

**बृजेश समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं-** बृजेश गुप्ता युवा पीढ़ी के बीच एक धार्मिक एवं सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्तित्व के रूप में पहचाने जाते हैं। वे निरंतर धार्मिक आयोजनों, आध्यात्मिक कार्यक्रमों एवं समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी धर्म के प्रति आस्था एवं समाज के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत माना जाता है।

# योग दिवस पर किया गया सामूहिक योगाभ्यास

▶ विष्णु दिव्यांग सेवा समिति ने विशेष योग शिविर किया आयोजित




**नौरोजाबाद नवभारत 23 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था 'विष्णु दिव्यांग सेवा समिति' द्वारा एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों और संस्था के कार्यकर्ताओं सहित 40 से अधिक प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ सामूहिक योग अभ्यास किया। शिविर में योग शिक्षक श्याम पेंटर ने बच्चों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने रोजमर्रा के जीवन में योग के महत्व को समझाते हुए सभी बच्चों से प्रतिदिन योग करने की अपील की।

**जन अभियान परिषद के कार्यों की दी जानकारी**-इसके साथ ही बच्चों को जन अभियान परिषद द्वारा समाज हित में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई और देश के विकास में उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सत्यनारायण अग्रवाल उपस्थित रहे। संस्था के पदाधिकारी सीए विष्णु पाटीदार, प्रहलाद कुमार गुमास्ता, श्याम पेंटर, स्वामी दिन सोनी, किरण और ज्योति उपस्थित रहीं।



# डॉ . मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

▶ मानिकपुर में डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई श्रद्धांजलि

**शहपुरा नवभारत 23 जून।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय मानिकपुर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार एवं आदर्श आज भी देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र मरावी, मंडल महामंत्री राजेंद्र तिवारी जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, टेकेश्वर साहू सहित भाजपा मंडल मानिकपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. मुखर्जी के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा का समापन राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

अवैध कारोबार | प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

# सकरिया व बोचकी में फिर शुरू हुआ अवैध रेत कारोबार



**नवभारत, गोहपारू ।** शहडोल जिले के गोहपारू क्षेत्र अंतर्गत सकरिया एवं बोचकी गांवों में एक बार फिर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का कारोबार तेजी से शुरू हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि रात के समय ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के माध्यम से नदी घाटों से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों और प्रशासन को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि अवैध रेत कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बिना किसी भय के लगातार खनन और परिवहन कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, खनिज विभाग एवं पुलिस प्रशासन से सकरिया और बोचकी क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो नदी तटों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।



# तीन वर्षों से फरार स्थायी वारंटी पुलिस के शिकंजे में

**नवभारत, धनपुरी।** जिले में फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना धनपुरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने तीन वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना धनपुरी क्षेत्र के लंबे समय से फरार स्थायी वारंटियों की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी अभियान के दौरान पुलिस ने प्रकरण क्रमांक 175/2016 में धारा 307 एवं 302 के तहत वांछित स्थायी वारंटी राहुल कोल पिता सिपाही कोल, निवासी झिल्ली दफाई धनपुरी तथा श्यामलाल पाल उर्फ छोटू पाल पिता स्वर्गीय प्रेमलाल पाल, निवासी पुलिस चौकी के पास, धनपुरी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार दोनों वारंटियों को सोमवार, 22 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय शहडोल के समक्ष पेश किया गया, जहां आगे की वैधानिक कार्यवाही की गई।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाई। अभियान को सफल बनाने में उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, महिला प्रधान आरक्षक सुषमा गौतम तथा आरक्षक बीरेन्द्र मौर्य का विशेष योगदान रहा।

# राजस्व महकमे की मिलीभगत से शासकीय जमीनों पर हो रहा अतिक्रमण : श्रीवास्तव

**बुढ़ार।** तहसील के अंतर्गत आने वाली शासकीय जमीनों पर बड़े पैमाने पर भू माफियाओं द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, हैरानी की बात ये है कि वर्तमान में कहीं दूर नहीं बल्कि खुद तहसील बुढ़ार की ही शासकीय ज़मीन पर भू माफियाओं द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है , और इससे भी कहीं अधिक हैरानी की बात यह है कि बुढ़ार तहसील की जिस ज़मीन को कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर सतेन्द्र सिंह द्वारा खुद जेसीबी चलवा कर अतिक्रमण मुक्त करवाया गया था, आज उनके जाने के कुछ वर्षों बाद ठीक उन्ही जमीनों पर फिर अतिक्रमण किया जा रहा है। उक्त मामले का तुरंत संज्ञान लेने, उक्त निर्माण कार्य को तत्काल रोके जाने एव पूरे मामले में हल्का पटवारी धनपुरी, राजस्व निरीक्षक धनपुरी एव तहसीलदार बुढ़ार - धनपुरी की भी भूमिका की जांच की जानी आवश्यक है, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। इस संबंध में शिकायत कर समाजसेवी शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने माँग की है कि राजस्व अमले की मिलीभगत से तहसील बुढ़ार की शासकीय जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को तत्काल रोका जाये।

# आज होगी जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की प्रथम बैठक

**नवभारत, शहडोल।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के द्वितीय वर्ष 2026-27 की प्रथम बैठक का आयोजन 24 जून 2026 को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, शहडोल में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह करेंगी। बैठक में वर्ष 2026 तक प्राप्त विभिन्न विभागों के आवंटन, व्यय की स्थिति तथा पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं अमर सिंह मसराम पिता बुद्धसेन मसराम आयु-40 वर्ष जाति गोंड निवासी सरवाही माल, पोस्ट ऑफिस - बढईगढ़, तहसील शहपुरा, जिला डिंडोरी, मध्य प्रदेश, मैं शपथकर्ता निम्न कथन शपथ कथन करता हूँ यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। मैं शपथकर्ता नाबालिग पुत्री कुमारी आष्की मसराम, उम्र 14 वर्ष, का पिता एवं प्राकृतिक संरक्षक हूँ। यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्री वास्तविक नाम आष्की मसराम (ASHKI MASRAM) है जो कक्षा 8वीं के अंक सूची में अंकित है जो कि सही है किन्तु आधार कार्ड में नाम आशिकी मसराम (AASHIQUI MASRAM) के स्थान पर त्रुटिवश आशिकी मसराम (AASHIQUI MASRAM) लिखा गया है जो गलत है। यह कि आधार कार्ड में दर्ज गलत नाम आशिकी मसराम (AASHIQUI MASRAM) के स्थान पर वास्तविक नाम आष्की मसराम (ASHKI MASRAM) दर्ज कर प्रदान किया जावे। इस हेतु शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ। यह कि मेरे द्वारा दी गई उपर्युक्त जानकारी सत्य व सही है असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

गलत नाम :- आशिकी मसराम (AASHIQUI MASRAM)
सही नाम :- आष्की मसराम (ASHKI MASRAM)